दिनांकः 05.10.2023
समय : 09:00 ए.एम.
प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जोधपुर में करीब 5 हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे।
- मेरी माटी, मेरा देश अभियान के दूसरे चरण में प्रदेश में 32 हजार 911 गांवों में कार्यक्रम आयोजित–कलश यात्रा में साढे सात लाख से ज्यादा परिवारों ने भाग लिया।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विज़न 2030 दस्तावेज़ जारी करेंगे।
- नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल आज जयपुर के झोटवाड़ा में राव शेखाजी आर.ओ.बी. के पहले चरण का लोकार्पण करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जोधपुर के दौरे पर रहेंगे। वे सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों की करीब 5 हजार करोड़ रुपये लागत वाली कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री जिन स्वास्थ्य परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उनमें जोधपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में 350 बिस्तरों वाला 'ट्रॉमा सेंटर और प्रधानमंत्री–आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत बनने वाले सात क्रिटिकल केयर ब्लॉक शामिल हैं। प्रधानमंत्री आईआईटी जोधपुर का परिसर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह अत्याधुनिक परिसर 1 हजार 135 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है।

''मेरी माटी, मेरा देश'' अभियान के दूसरे चरण में प्रदेश में 32 हजार 911 गांवों में एक सितंबर से 28 सितंबर तक कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें कलश यात्रा निकाली गई और 7 लाख 56 हजार से ज्यादा परिवारों ने भाग लिया। नेहरू युवा केन्द्र संगठन की ओर से अभियान के तहत राज्य के 32 ज़िलों की 2 हजार 179 ग्राम पंचायतों और 7 हजार 434 गांवों में गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें सवा लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया। अभियान के तहत हर गांव के प्रत्येक घर से अमृत कलश में मिट्टी या चावल एकत्रित किए गए। इसके साथ ही लोगों को पंच प्रण की प्रतिज्ञा भी दिलवाई गई। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों सहित सरकारी प्रधानाचार्यों, भूतपूर्व सैनिकों, ज़िला युवा अधिकारियों और राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

आज राष्ट्रीय डॉलफिन दिवस मनाया जा रहा है। डॉलफिन के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल पांच अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉलफिन दिवस मनाया जाता है। यह डॉलफिन नेपाल, भारत और बांग्लादेश में गंगा, ब्रह्मपुत्र, मेघना और करणाफुली–सांगु नदियों में पायी जाती है। वन्य जीव विशेषज्ञों, पशु प्रेमियों और पर्यावरण विशेषज्ञों की मांग के बाद राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड ने 2022 से राष्ट्रीय डॉलफिन दिवस मनाने की शुरूआत की थी।

भारतीय स्टेट बैंक ने मोबाइल हस्तचालित बैंकिंग उपकरण की शुरुआत की है। इससे बैंक के ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस उपकरण से ग्राहकों को घर बैठे नकदी की निकासी, नकदी जमा करने, धनराशि के हस्तांतरण, बकाया राशि की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। इस उपकरण से वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को विशेष लाभ होगा।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विज़न 2030 दस्तावेज जारी करेंगे। दस्तावेज में सुझावों के जरिये प्रत्येक प्रदेशवासी की भागीदारी सुनिश्चित की गयी है। इस आयोजन में

विभिन्न क्षेत्रों के करीब पांच हजार स्टेक होल्डर्स भाग लेंगे। हर जिले से पांच सौ स्टेक होल्डर और प्रतिभागी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुडेंगे। प्रदेश को वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से सरकार ने राजस्थान मिशन 2030 की शुरूआत की है।

राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कल भीलवाडा जिले के मांडल में 464 करोड़ 72 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से राज्य के विकास की गति और बढ़ेगी। श्री जाट ने कहा कि प्रदेश के हर घर में राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा है।

राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन कर दिया है। यह बोर्ड अग्रवाल समाज की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने और इनके उत्थान के लिए राज्य सरकार को सुझाव देगा।

नगरीय विकास, आवासन और स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल आज जयपुर के झोटवाड़ा में राव शेखाजी आर.ओ.बी. के पहले चरण का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। इस आरओबी पर 167 करोड़ रुपये की लागत आई है। पहले चरण में निवारु टी जंक्शन से अम्बाबाडी तक का मार्ग शामिल है। फेज वन में आरओबी की लम्बाई 1 हजार 540 मीटर है। इस आरओबी से यातायात सुगम होगा और लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी।

राज्य सरकार ने बीकानेर के पूगल में नए पुलिस उप–अधीक्षक कार्यालय खोलने की स्वीकृति दे दी है। इस कार्यालय के संचालन के लिए सात नए पदों को भी मंजूरी दी गयी है। इन पदों में पुलिस उप–अधीक्षक, हैड कांस्टेबल और सहायक का 1–1 तथा ड्राइवर के 4 पद शामिल हैं। आवश्यक संसाधन के लिए करीब 11 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति भी दी गयी है।

बीकानेर में "अन्तर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष" के तहत पोषक अनाजों के उत्पादन में बढ़ोतरी, किसानों की आय बढ़ाने और उत्पादों के घरेलू उपयोग में बढ़ोतरी के लिए कार्यशाला आयोजित की गयी। "खाद्य और पोषण सुरक्षा पौष्टिक अनाज'' विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में अनुसंधान निदेशक डॉ. पी. एस. शेखावत ने बाजरा उत्पादन की उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी दी। खाद्य और पोषण सुरक्षा में मोटे अनाजों की भूमिका पर प्रस्तुति दी गयी। कार्यशाला में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

अजमेर में नगर निगम देसी विदेशी पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए नाइट फूड बाजार विकसित करेगा। इसे ऐतिहासिक आनासागर झील के किनारे चौपाटी पर बनाया जाएगा। नगर निगम के आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि नाइट बाजार में अजमेर की प्रसिद्ध खाद्य सामग्रियों की स्टालें लगाई जाएंगी। इससे पर्यटन के साथ रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। आयुक्त ने बताया कि नगर निगम ने शहर में प्लास्टिक की थैलियों में चाय देने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इनका चालान बनाकर जुर्माना वसूला जाएगा।

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पुरस्कार के लिए पात्र खिलाड़ी, प्रशिक्षक, संस्था और विश्वविद्यालय आवेदन अगले महीने की दो तारीख तक जमा करवा सकते हैं। आवेदन केवल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भेजे जा सकते हैं।

राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर की ओर से आज चूरू में वार्षिक पुरुष्कार समारोह आयोजित किया जाएगा। अकादमी के अध्यक्ष दुलाराम सहारण ने बताया कि दादा बाड़ी में आयोजित इस सम्मान समारोह में 70 लेखकों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र और नकद राशि दी जाएगी।

बीकानेर के कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में "युवाओं में उद्यमिता कौशल विकास" पर कल से प्रशिक्षण शुरू हुआ। दस दिन के इस कार्यक्रम के तहत युवाओं को विशेषज्ञों द्वारा

टेक्सटाइल, इंटीरियर डेकोरेशन, हेंडिक्राफ्ट, फूड प्रोसेसिंग और बिजनेस स्किल संबंधित व्यवहारिक और प्रायोगिक जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला के पहले दिन कल विशेषज्ञों ने उद्यमिता कौशल से जुड़े विभिन्न सुझावों और अनुभवों को साझा किया।